मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 10 ■ बुधवार, 12 मार्च 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

वॉर-2 की शूटिंग के दौरान ऋतिक घायल

## होली रंगपचमी को पुलिस की नाकाबंदी



- 2 एसीपी, 70 अधिकारी, 10 पालिस कर्मी रहेंगे तैनात - पुलिस उपायुक्त गोरे
- अबरनाथ पोलिस स्टेशन भी हुई बैठक

अंबरनाथ. उल्हासनगर झोन ४ के पुलिस उपायुक्त ने होली और धुलिवंदन त्योहार पर लोगों से आवाहन किया है ये शांतिपूर्ण तराके से त्योहार मनायें. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन ने भी सोमवार को होली, शिवजयंती, रमज़ान शुक्रवार को देखते हुए शांतता समिति की एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्राइम निरीक्षक किशोर शिंदे ने कहा कि कोई अगर नहीं चाहता है कि उस पर होली का रंग ना डाला जाये तो उस पर रंग ना डालें वरना पोलिस कार्रवाई करेगी. इस बैठक में निखिल वालेकर, बिस्मिल्ला शेख, मिनाक्षी पाटील, जयश्री गुप्ता अदि मान्यवर उपस्थित थे.

उन्होंने ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा के अंबरनाथ (एक शांतिप्रिय शहर है और ये त्योहार भी वह शांति के साथ मनायेंगे.

पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया है के होली त्योहार के लिये पुलिस की फौज तैयार है. रंग पंचमी, होली त्योहार पर 2 एसीपी, 70 अधिकारी और ८०० कर्मचारी तैनात रहेंगे. होली की रात से नाकाबंदी लगाई गई है. शराब पीकर वाहन ना चलाएं वरना अपराध दर्ज लिया जायगा - ट्रिपल सीट बाईक ना चलाने की उन्होंने अपील की है. उन्होंने कहा है कि बिना कारण वाद हो जाये ऐसा काम ना करें. नहीं तो पोलिस कार्रवाई करेगी. विदित हो कि इस वर्ष रंगपंचमी और रमजान का शुक्रवार एक ही दिन आने के कारण पुलिस एकदम सतर्क हो गई.

## क्राइम डायरी...

### घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**नवी मुंबई.** खांदेश्वर कॉलोनी में एक लड़की के घर में दो अजनबी उस समय घुस गए जब वह अकेली थी। उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की. और कुछ ही मिनटों के बाद वे वहां से भाग गये। पीड़ित लड़की ने इस संबंध में खांदेश्वर पुलिस में मामला दर्ज कराया है। यद्यपि पीड़ित अपराधियों के बारे में कुछ नहीं बता पा रही है क्योंकि अपराधियों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे, फिर भी पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है। विशेष रूप से आश्चर्य की बात यह है कि पड़ोसियों को इस बात पर आश्चर्य हुआ कि पीड़िता के चिल्लाने के बावजूद उस पर कोई असर नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार यह गंभीर घटना सोमवार दोपहर 12:30 बजे रिहायशी इलाके में घटी। अज्ञात व्यक्ति आधे घंटे तक पीड़िता के घर में रहा। खांडेश्वर पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक स्मिता ढकने ने तुरंत पड़ोसियों से पूछताछ की।

# मनपा चुनाव का टलना जारी

- सुप्रीम कोर्ट में 39 बार हो चुकी है सुनवाई
- ओबीसी आरक्षण के चलते लटका मामला
- 6 मई को होगी अगली सुनवाई





**मुंबई.** ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन रहने की वजह से स्थानीय महानगरपालिका व नगरपालिका के चुनाव एक बार फिर टल गए हैं. पहले उम्मीद थी कि यह चुनाव शीघ्र ही करा लिए जाएंगे लेकिन यह मई तक प्रलंबित रहेंगे. महाराष्ट्र में 23 महानगरपालिका, 25 जिला परिषद, 284 पंचायत समिति, 207 नगरपालिका तथा 13 नगरपंचायत के चुनाव अटके पड़े हैं।

मध्यप्रदेश और पंजाब में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में निर्णय हो जाने से वहां चुनाव निपट गया लेकिन महाराष्ट्र में अभी प्रतीक्षा करनी होगी. ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का आधार क्या है इस प्रश्न को लेकर राहुल रमेश वाघ की याचिका सहित सुप्रीम कोर्ट में 23 याचिकाएं बकाया हैं. स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में ओबीसी आरक्षण के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद खंडपीठ के तत्कालीन न्यायमूर्ति दीपंकर दत्ता व न्या. मंगेश पाटिल ने निर्णय दिया था।

इसे चुनौती देते हुए राहुल रमेश वाघ ने 30 नवंबर 2021 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की तब से 39 महीने बीत गए लेकिन फैसला नहीं होने की वजह से स्थानीय निकायों के चुनाव अटके हुए हैं. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में 39 बार सुनवाई हो चुकी है. इस दौरान राज्य में ओबीसी की आबादी का प्रतिशत जानने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने जयंत कुमार बांठिया की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जिसकी सिफारिश के अनुसार 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने का निर्देश न्या. खानविलकर की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने दिया।

राज्य की 92 नगरपालिकाओं सहित 367 स्थानीय निकायों के चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग वाली तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार की याचिका पर तत्कालीन सीजेआई एनवी रमना ने निवृत्त होते समय आदेश दिया कि नए सीजेआई की विशेष पीठ स्थापित होने तक अर्थात 5 सप्ताह तक जैसे थे (यथास्थिति) रखी जाए. तब से अब तक 500 दिन बीत चुके हैं. इस दौरान उद्धव ठाकरे की सरकार चली गई और शिंदे सरकार बनी. फिर विधानसभा चुनाव के बाद फडणवीस सरकार बनी. तब से सुनवाई टलती ही आ रही है. अगली सुनवाई 6 मई को होगी।

सुप्रीम कोर्ट के ग्रीष्मावकाश के पूर्व इस मामले का निर्णय हुआ तो भी स्थानीय निकाय के चुनाव तुरंत नहीं हो पाएंगे.

संभवतः उनका मुहूर्त दशहरा-दिवाली तक निकलेगा. स्थानीय निकाय चुनाव में असामान्य विलंब होने से जनता अपने प्रतिनिधित्व के लिए तरस रही है. पंचायत, नगरपालिका या मनपा का सदस्य अपने चुनाव क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने में जितना सक्रिय रहता है, उतनी उम्मीद प्रशासक से नहीं की जा सकती. चुनाव शीघ्रताशीघ्र हो सके इसके लिए कोई उपाय योजना की जाए तो उचित रहेगा.

## होली के दिन टैकरों से नहीं होगी जलापूर्ति

**ठाणे.** शहर के कई इलाओं में पानी की कमी हैं. पानी की किल्लत वाले क्षेत्र में मनपा की तरफ से टैंकरों के जरिये जलापूर्ति की जाती है. पानी की बर्बादी को रोकने को लेकर मनपा प्रशासन ने होली के दिन शहर में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति नहीं करने का निर्णय लिया है.

ठाणे मनपा क्षेत्र की आबादी 27 लाख से अधिक पहुंच गई है. शहर में अलग –अलग स्त्रोतों से 585 एमएलडी जलापूर्ति की जाती है. यह पानी शहर की जनसंख्या के लिए पर्याप्त नहीं है. घोड़बंदर एवं मुंब्रा –दिवा इलाके में बिल्डिंगों का निर्माण जोर शोर से शुरू है. घोडबंदर इलाके में गगनचुंबी इमारतों में रहने आने वालों की वजह से पानी की मांग लगातार बढ़ रही है. पानी की मांग वाले इलाकों में मनपा की तरफ से टैंकर के जरिये जलापूर्ति की जाती है.

## खडकपाड़ा में ठारवानी बिल्डर्स के प्रसिद्ध नवनिर्माण का स्लैब गिरा

- कुछ कामगार जख्मी
- ठारवानी सबसे महंगे प्रोजेक्ट में गिना जाता है



**कल्याण.** कल्याण के खडकपाड़ा स्थित ठारवानी बिल्डर्स के प्रसिद्ध नवनिर्माण इमारत का स्लैब गिरने से परिसर में खलबली मच गई है। इस घटना में कुछ कामगारों के जख्मी होने की भी खबर है। हालांकि इस खबर को बिल्डर ने अफवाह बताया है लेकिन जो तस्वीरें सामने आयी हैं उसमें यह साफ दिख रहा है कि खडकपाड़ा के सबसे महंगे ठारवानी बिल्डर्स के ठारवानी मैजिसटिक प्रोजेक्ट के पोडियम में कल स्लैब डालने का कार्य चल रहा था जो अचानक दराशायी हो गया। यहां काम कर रहे कुछ कामगार जख्मी हो गए हैं। स्लैब को जोड़ने वाला पूरा हिस्सा ढह गया है। जोरदार आवाज से परिसर में खलबली मच गई। मनपा प्रशासन ने इस संबंध में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया है लेकिन बिल्डर इस घटना से इंकार कर रहा है। क्योंकि यह बहुमंजिला इमारत का निर्माण कार्य चल रहा है और इससे इसकी छवि धुमिल होगी।

## पर्यावरण अनुकूल रंग महोत्सव का संकल्प लें

- प्रदूषण मुक्त त्यौहार मनाएँ
- उल्हासनगर मनपा आयुक्त ने नागरिकों से की अपील



**उल्हासनगर.** रंगों का त्योहार मनाते समय यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि प्रकृति को नुकसान न पहुंचे। इस पृष्ठभूमि में, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले और पर्यावरण विभाग ने शहरवासियों से इस वर्ष होली और धूलिवंदन (रंग पंचमी) को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने की अपील की है।

उच्च न्यायालय की जनहित याचिका के तहत दिए गए निर्देशों के अनुसार, देश भर के नागरिकों को पर्यावरण-अनुकूल त्योहार मनाने की सलाह दी गई है। तदनुसार, मनपा ने एक विशेष अभियान चलाया है। जल संरक्षण, वृक्ष संरक्षण; प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है। उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले और उपायुक्त (पर्यावरण) विशाखा मोटघरे ने भी नागरिकों से ऐसा ही करने की अपील की है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें परंपरा और संस्कृति का पालन करते हुए प्रकृति को नुकसान न पहुंचाने का ध्यान रखना चाहिए। इसलिए उन्होंने हम सभी से पर्यावरण-अनुकूल त्यौहार मनाने का संकल्प लेने की अपील की।



पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। त्योहारों और उत्सवों के महत्व को बनाए रखते हुए इनका आनंद उठाते समय प्रकृति के संतुलन का ध्यान रखना आवश्यक है। नगर निगम इस वर्ष होली और रंग पंचमी को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाने के लिए नागरिकों के साथ है। हम वनों की कटाई, पानी की बर्बादी और प्रदूषण से बचकर जिम्मेदारी से त्योहार मनाने की अपील करते हैं।


**– मनीषा आव्हाले,**
आयुक्त, मनपा

### संकल्प लें....

- पेड़ों की कटाई नहीं – होली जलाने के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों को काटा जाता है। इसलिए, कृत्रिम विकल्प अपनाए जाने चाहिए।
- पानी की बर्बादी रोकें। रंग पंचमी के दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो जाता है। इसके बजाय सूखे रंग या फूलों से बने प्राकृतिक रंग चुनें।
- ध्वनि प्रदूषण से बचें – तेज आवाज वाले डीजे और लाउडस्पीकर बुजुर्गों, बीमारों और छोटे बच्चों को परेशान करते हैं।
- रासायनिक रंगों का प्रयोग न करें। ये रंग त्वचा के लिए हानिकारक हैं और जल प्रदूषण को बढ़ाते हैं।
- तेज़ आवाज़ और असभ्य व्यवहार से बचें। शोर मचाना, अभद्र भाषा का प्रयोग करना और सार्वजनिक स्थानों पर दुर्व्यवहार करना सामाजिक वातावरण को बिगाड़ सकता है।
- प्लास्टिक के गुब्बारे और थैलों का उपयोग बंद करें – प्लास्टिक कचरा बढ़ाने वाली वस्तुओं की बिक्री और उपयोग दोनों से बचना चाहिए।

## रेल प्रशासन ने 100 से ज्यादा घरों को तोड़ा

- ये घर तीसरे और चौथे रेललाइन के लिए अड़चन थे
- पात्र बाधितों को शहाड़ दिए गए घर



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में भीमनगर की लगभग 100 झोपड़ियों को रेल प्रशाशन ने दो जेसीबी एवं पुलिस फौज की सहायता से ध्वस्त कर दिया. कल्याण से कर्जत तीसरे और चौथे मार्ग के काम के लिए ये कार्रवाई सोमवार को की गई. यहां पर झोपड़ावासियों को सर्वे करने के बाद नोटिस दी गई थी. ये झोपड़ियों रेल पटरी के पास ही शहर पूर्व में बनाई गई थी. अंबरनाथ पूर्व के रेलवे स्थानक के प्लेटफार्म क्र. 3 की पटरियों से कुछ ही फासले पर ये अनधिकृत झोपड़ियां बनाई गई थी. दो वर्ष पूर्व ही रेल प्रशासन ने इन झोपड़ावासियों को नोटिस दिया था. यहां पर कुछ घर, दुकाने, झोपड़ियां और भंगार व्यवसाय करने वालों का समावेश है. ये तोड़क कार्रवाई दो दिनों तक चलेगी. कार्रवाई के समय रेलवे सुरक्षा बल के साथ शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन का बड़ा बंदोबस्त रखा गया था. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रमेश पाटिल, रेलवे पुलिस अधिकारी सोनाली नंदेश्वर, पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, आरपीएफ पुलिस जीआरपी पुलिस बड़ी संख्या में उपस्थित थे. यहां पर बने पात्र घरों को एमएमआरडीए के माध्यम से शहाड में घर दिए गए हैं, लेकिन उसमें पानी व अन्य सुविधाएं नहीं हैं. ऐसा बाधितों ने पत्रकारों को बताया है. बाधितों का कहना है कि जितने घर झोपड़ी तोड़े गए हैं, सबको घर दिया जाए और सुविधाएं दी जाएं, जो घर बाधितों को दिए गए हैं, उनमें कोई भी रह नहीं सकता. ऐसा बाधितों का कहना है.

## उल्हासनगर में एक सप्ताह तक लोड शेडिंग

**उल्हासनगर.** महावितरण कंपनी की योजना के अनुसार 11 से 18 मार्च तक आनंदनगर में बिजली ट्रांसफार्मर बदलने का महत्वपूर्ण काम किया जाएगा। इस अवधि के दौरान आवश्यकतानुसार बिजली की कटौती की जाएगी। इसलिए महावितरण ने नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है।

उल्हासनगर 4 और 5 उपविभागों के साथ-साथ बदलापुर क्षेत्र में बिजली का भार नियंत्रित किया जाएगा। यह निर्णय लिया गया है कि प्राथमिक रूप से औद्योगिक उपभोक्ताओं के भार को विनियमित किया जाएगा, तत्पश्चात यदि भार विनियमन की आवश्यकता होगी तो आवश्यकतानुसार ऐसा किया जाएगा। 600 ए विद्युत भार विनियमन उल्हासनगर डिवीजन -2 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और 600 ए विद्युत भार विनियमन बदलापुर डिवीजन द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। विशेष नियंत्रण कक्ष के माध्यम से संयुक्त रूप से लोड शेडिंग को नियंत्रित किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को कम असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसलिए नागरिकों से महावितरण को सहयोग करने की अपील की गई है। इस बीच, शहर के वातावरण में तापमान बढ़ रहा है। चूंकि इस तरीके से लोड शेडिंग की जा रही है, इसलिए नागरिकों को असुविधा होने की आशंका है। अभिभावक भी इस बात पर नाराजगी जता रहे हैं कि मौजूदा स्कूल परीक्षाओं से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होगी।

## प्रीपेड मीटर के खिलाफ माणेरे गांव में आक्रोश



**उल्हासनगर.** माणेरे गांव के ग्रामीण और आई गावदेवी ग्राम समिति, माणेरे गांव में महावितरण द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड मीटर के खिलाफ आक्रामक हो गए हैं। ग्रामीणों ने इस निर्णय के खिलाफ महावितरण के कार्यकारी अभियंताओं को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कड़ा रुख अपनाते हुए मीटर न लगने देने का संकल्प व्यक्त किया है।

माणेरे गांव में महावितरण की नई प्रीपेड मीटर योजना का कड़ा विरोध हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस मीटर से नागरिकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। ग्रामीणों ने बिजली बिल बढ़ने की आशंका जताई है और आरोप लगाया है कि मीटर के जरिए अनावश्यक शुल्क बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा, इस तंत्र में हेरफेर करके इकाई को और अधिक प्रदर्शित किया जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि नागरिकों को अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर महावितरण के कार्यकारी अभियंता प्रवीण चकोले को एक ज्ञापन सौंपा। मांग की गई है कि इसमें प्रीपेड मीटर न लगाए जाएं। समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि गांव में किसी भी हालत में प्रीपेड मीटर नहीं लगने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने इस संबंध में संगठित संघर्ष करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है और चेतावनी भी दी है कि यदि महावितरण उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देता है तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित हुए महेश सुखरामानी



**उल्हासनगर.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित न्यू महाराष्ट्र सदन में अम्बेडकर ग्लोबल फाउंडेशन और इंडियन गैलेक्सी फाउंडेशन और टीम जेनिथ इंटरनेशनल द्वारा राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 समारोह आयोजित किया गया था। इस प्रतिष्ठित समारोह में सिंधी साहित्या अकादमी के कार्याध्यक्ष व भाजपा नेता श्री महेश सुखरामानी को राष्ट्रीय उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही भाजपा नेता महेश सुखरामानी को राष्ट्रीय उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित गया। साथ ही अमरावती के शिवधारा आश्रम से परम पूज्य संत डॉ. संतोष देव महाराज, महिला आयोग की अध्यक्ष विजया ताई राहटकर, सिंधी साहित्य अकादमी की महिला सदस्य रोमा बजाज को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें अमरावती की पूर्व महिला राज्यपाल आचार्य डॉ. कमलताई गवई के हाथों दिया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले विशेष रूप से उपस्थित थे।

महिला आयोग अध्यक्ष विजय ताई रहाटकर और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के हाथों महेश सुखरामानी को यह पुरस्कार समाज सेवा, सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, सिंधियत समाज में प्रचार प्रसार योगदान के लिए प्रदान किया गया। महेश सुखरामानी को मिले इस पुरुस्कार से उल्हासनगर शहर में गर्व महसूस किया जा रहा है।

## नदी को स्वच्छ रखने की ग्रामीणों की अद्भुत पहल




- बदलापुर की चामटोली नदी प्रदूषित
- पुल से नदी में कचरा डाला जाता है
- ग्रामीणों ने लोहे की सुरक्षा जाल लगाई

**बदलापुर.** बदलापुर के निकट नागरिक चमटोली नदी में कचरा और सीवेज डालकर उसे प्रदूषित कर रहे थे। सड़क पुल से नदी में कचरा और सीवेज डाले जाने के कारण नदी अस्वच्छ हो गई थी। अंततः ग्रामीणों ने अपने खर्च पर पुल पर लोहे की सुरक्षा जाल लगा दी। अब कोई भी व्यक्ति इस नदी में कचरा या निर्मला नहीं फेंक सकता। इस बीच, ग्रामीणों द्वारा स्थानीय नागरिकों से भी अनुरोध किया जा रहा है कि वे इस नदी को स्वच्छ रखने के लिए इसमें कचरा या निर्मला न फेंके। ग्रामीणों की इस पहल को लोगों ने सराहा है।

## नपा को ठेकेदार ने लगाया लाखों का चूना

**जावसई में सीसी सड़क बनाकर 55 पोल लाइट लगाए नहीं और ठेके की पूरी रकम नपा से ले ली**

- नपा अधिकारी भी भ्रष्टाचार में शामिल
- विकास सोमेश्वर ने नपा से की कार्रवाई की मांग



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के जावसई गांव में ठेकेदार ने सीमेंट की सड़क तो बना दिया, लेकिन उसके आसपास 55 पोल लाइट ना लगाते हुए नगर परिषद के अधिकारियों की जेब गरम करके सड़क और पोल लाइट के बिल की भारी रकम को निकाल कर नगर परिषद को लाखों रुपयों का चूना लगाया है. भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए ठेकेदार को ब्लैट लिस्ट में डालकर उससे नपा ने रकम को भी वसूल करे ऐसा निवेदन शिवसेना शिंदे गट के नेता विकास सोमेश्वर ने अंबरनाथ के मुख्याधिकारी को दिया है. विकास ने निवेदन में लिखा है कि जावसई गांव के बौद्धवाड़ा से ठाकरे काम्प्लेक्स से टोकल हाउस तक सीसी रोड बनाकर इलेक्ट्रिक स्टीट लाइन पोल लगाने का काम नपा ने एक ठेकेदार को दिया था. ये काम एक मार्च 2023 से 23 मार्च के बीच पूरा हो गया है. ऐसा नपा ने संबंधित ठेकेदार को प्रमाणपत्र (कम्प्लीशन सर्टिफिकेट) दिया है. इस काम में रोड के विस्तार पर 55 पोल लाइट लगाना था, लेकिन ठेकेदार ने 10 से 12 पोल लाइट ही लगाए हैं. ठेकेदार ने अंबरनाथ नपा कर्मचारी को हाथ में लेकर झूठे बिल देकर काम के पूरे पैसे ले लिये हैं. ऐसा आरोप विकास सोमेश्वर ने लगाया है. उन्होंने मुख्याधिकारी से कहा है कि इससे स्पष्ट होता है कि अंबरनाथ नपा के कुछ कर्मचारी भ्रष्टाचारी हैं. ठेकेदार ने भी शासन को चूना लगाकर दिशाभूल किया है और लूट की है.

उन्होंने मांग की है कि इस मामले की जांच करके संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई की जाए और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में डालकर उसके द्वारा नपा से लूटी गई रकम को वापस लिया जाए.

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास

## संपादकीय

### भारतीय क्रिकेट टीम ने फिर लहराया परचम

विजयरथ पर सवार भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। न्यूजीलैंड को हरा कर उसने जो खिताब हासिल किया, वह एक बार फिर बेहद खास उपलब्धि है। इस मायने में भी कि भारतीय टीम ने बारह साल बाद 'चैंपियंस ट्राफी' जीती। इस तरह उसने अपनी दृढ़ता और समर्पण का ही परिचय दिया। भारतीय टीम ने लगातार अपने अभ्यास और लक्ष्य को साध कर जीत की पटकथा लिखी। आइसीसी चैंपियंस खिताब हासिल करने के लिए हमारे जांबाज खिलाड़ियों ने जिस जोश और लगन के साथ मैदान में प्रदर्शन किया, उस पर हर देशवासी को गर्व है।

गौरतलब है कि इससे पहले भारत इंग्लैंड को हरा कर चैंपियन बना था, उसके बाद वर्ष 2002 में श्रीलंका के साथ संयुक्त रूप से खिताब जीता था। इस बार हमारी टीम ने पूरी दुनिया को बता दिया कि वह विश्व चैंपियन है। उसकी रगों में जीत का रंग बहता है। मैदान में पूरे जोश से खेलते हुए उसने अपने करोड़ों प्रशंसकों की आंखों में सपनों के कई रंग भर दिए। खिताब हासिल करने के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी बेहद महत्त्वपूर्ण रही। बतौर कप्तान उन्होंने गेंदबाजों को आक्रामक बनाए रखते हुए न्यूजीलैंड को घुटने टेकने के लिए बाध्य कर दिया। खास बात यह कि उनके नेतृत्व में टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं रही।

इस अहम खिताब को भारत के नाम करने के लिए श्रेयस अय्यर ने तो ऐसे समय बल्लेबाजी की, जब मैदान से रोहित के बाहर हो जाने से झटका लग चुका था। उनकी वजह से स्थिति संभली और फिर श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ शानदार पारी खेलते हुए भारत को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। दोनों ने इकसठ रन की साझेदारी करते हुए जीत की सुनहरी पटकथा तैयार कर दी।

मध्यम क्रम में केएल राहुल ने अपने चौंतीस रनों से भारत के विजय का परचम लहराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस तरह जीत के जज्बे से भरी भारतीय टीम ने अपने प्रशंसकों के लिए होली से पहले ही जश्न मनाने का अवसर दे दिया। फिलहाल भारतीय टीम के बीच जिस स्तर का तालमेल दिख रहा है, वह भविष्य में कामयाबी का एक बड़ा फलक तैयार करने की उम्मीद जगाता है।

# स्टालिन हिंदी विरोध के लिए हद से ज्यादा आगे बढ़ गए

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन हिंदी विरोध के लिए हद से ज्यादा आगे बढ़ गए हैं। वह अब हिंदी के खिलाफ उसकी बोलियों को खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा है, 'अन्य राज्यों के मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है?

भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली समेत कई अन्य अब अस्तित्व के लिए हांफ रही हैं। एक अखंड हिंदी पहचान के लिए जोर देने से प्राचीन मातृभाषाएं खत्म हो रही हैं। यूपी और बिहार कभी भी सिर्फ हिंदी के गढ़ नहीं थे। उनकी असली भाषाएं अब अतीत की निशानी बन गई हैं। तमिलनाडु इसका विरोध करता है।'

कहने की जरूरत नहीं कि स्टालिन का यह वक्तव्य भड़काने वाला है। स्टालिन द्वारा हिंदी पर लगाया गया यह आरोप इसलिए निरर्थक है, क्योंकि हिंदी क्षेत्र की इन बोलियों-भाषाओं के सम्मिलित रूप को ही हिंदी कहा जाता है। इनसे प्राप्त जीवनशक्ति से हिंदी फलती-फूलती है। ठेठ हिंदी का ठाठ उसकी बोलियों के सौंदर्य से निर्मित होता है।

हिंदी समाज एक साथ अपनी जनपदीय भाषा जैसे भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही भी बोलता है और हिंदी भी। लिखने-पढ़ने का अधिकांश कार्य वह हिंदी में जरूर करता है। इसीलिए राजभाषा अधिनियम के अनुसार उन्हें 'क' श्रेणी में रखा गया और दस राज्यों में बंटने के बावजूद उन्हें 'हिंदी भाषी' कहा गया। भोजपुरी, राजस्थानी, अवधी, ब्रज आदि हिंदी के अभिन्न अंग हैं।



इन बोलियों एवं उपभाषाओं की समृद्धि से हिंदी को और हिंदी की समृद्धि से उसकी उपभाषाओं एवं बोलियों को लाभ होता रहा है। जब हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, तब स्टालिन जैसे नेता उसके घर को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना-संचार में हिंदी का हस्तक्षेप तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया के तमाम देश भारत जैसे बड़े बाजार के निमित्त हिंदी को अपने भविष्य का रास्ता मान रहे हैं।

हिंदी के घर को बांटकर और समाज में विभेद पैदा कर स्टालिन खाई खोदने का काम कर रहे हैं। इसके पहले उन्होंने संस्कृत का भी बेतुका विरोध किया था। इसी तरह वह यह दुष्प्रचार भी कर रहे हैं कि त्रिभाषा फार्मूला दरअसल हिंदी थोपने की कोशिश है। क्या ऐसे बयान देकर स्टालिन भारतीय भाषाओं को आपस में लड़ाने और अंग्रेजी को आधिपत्य जमाए रखने का अवसर नहीं दे रहे हैं?

हिंदी थोपने का नाहक आरोप लगाने वाले स्टालिन को यह बोध होना चाहिए कि भारतीय भाषाओं को खतरा अंग्रेजी से है। हिंदी का तमिल या किसी भारतीय भाषा से कोई झगड़ा नहीं। यह नहीं भूलना चाहिए कि सभी भारतीय भाषाओं में एक सहकार संबंध रहा है। भारतीय भाषाओं एवं राज्यों को अलग-अलग खंडों में बांटे जाने के बावजूद भारत अपने सांस्कृतिक संदर्भों के कारण एक सूत्र में बंधा है।

भारतीय भाषाओं के सहकार संबंध से तमिल कवि सुब्रह्मण्य भारती भलीभांति परिचित थे। इसीलिए वह हिंदी के प्रबल पक्षधर थे। वह तमिल समाचार पत्र 'इंडिया' के संपादक थे और उसमें वह एक पृष्ठ हिंदी को देते थे। 'इंडिया' के 15 दिसंबर, 1906 के अंक में उन्होंने लिखा था, 'तीस करोड़ लोगों में से आठ करोड़ से अधिक लोग हिंदी बोलते हैं। महाराष्ट्र से लेकर बंगाल के लोग हिंदी आसानी से समझ लेते हैं। तमिलभाषी, तेलुगुभाषी थोड़ा सा परिश्रम करेंगे तो हिंदी सीख सकते हैं।'

केंद्र सरकार 2022 से सुब्रह्मण्य भारती के जन्मदिन 11 दिसंबर को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाती है। इसके अलावा भारतीय भाषाओं के संबंध को बल देने के लिए तीन वर्षों से काशी तमिल संगमम का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। लगता है इन आयोजनों से स्टालिन की बेचैनी बढ़ी है। तमिलनाडु में सत्ता विरोधी माहौल भी है।

कदाचित स्टालिन ने इसीलिए भाषा के पुराने हथियार का उपयोग शुरू किया है। तमिलभाषी क्षेत्र में भाषा को राजनीति का हथियार बनाने का प्रयोग दशकों पुराना है। 1937 में मद्रास सरकार के प्रमुख के रूप में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हाईस्कूल स्तर पर हिंदुस्तानी को अनिवार्य विषय बना दिया तो उसके खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू हो गया था।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास, तनाव के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मणिपुर में हिंसा का सिलसिला जारी

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि वहां शांति बहाल करने और समस्या का कोई ठोस हल निकालने के लिए अब तक जितने भी प्रयास किए गए, उनके पीछे दूरदर्शिता की कमी रही। हैरानी की बात यह है कि राज्य में हिंसा की शुरूआत के बाद मई में अब दो वर्ष हो जाएंगे। इसके कारण आमतौर पर स्पष्ट रहे हैं कि यह टकराव मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले से पैदा हुआ। इसके बावजूद राज्य से लेकर केंद्र सरकार की ओर से ऐसा कोई हल या प्रस्ताव सामने नहीं आ सका है, जिस पर संबंधित पक्षों के बीच सहमति बने और राज्य में शांति कायम हो।

यह एक तरह से राज्य सरकार की नाकामी ही थी कि चौतरफा और लगातार सवाल उठने के बीच वहां के मुख्यमंत्री को आखिर इस्तीफा देना पड़ा। उसके बाद लागू राष्ट्रपति शासन में भी हिंसक घटनाओं पर काबू पाने और स्थिति में सुधार के मोर्चे पर अब तक आश्वासनों से आगे बढ़ कर कुछ भी ऐसा नहीं किया जा सका है, जो जमीनी स्तर पर स्थानीय लोगों और खासतौर पर हिंसा प्रभावित समुदायों के भीतर विश्वास पैदा करे और वे राज्य में शांति बहाली में भागीदारी निभाएं।

गौरतलब है कि मणिपुर के कांगपोकपी में शनिवार को इंफल-दीमापुर उच्च मार्ग पर कुकी समुदाय और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। वहीं इस टकराव में सत्ताईस से ज्यादा जवान घायल हो गए। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सभी सड़कों पर वाहनों की स्वतंत्र आवाजाही को लेकर एक निर्देश जारी किया था।



राज्य में सबसे ज्यादा प्रभावित समुदाय के स्थानीय लोगों ने निर्देश का व्यापक विरोध किया, जिसके बाद तनाव बढ़ गया और अब फिर अराजकता की स्थिति में कांगपोकपी में कई इलाकों में कर्फ्यू लगाने की नौबत आई।

यह स्थिति तब है, जब मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है, वहां के राज्यपाल ने उपद्रवियों से सभी लूटे गए हथियार जमा करने को कहा है। अब तक पांच सौ से ज्यादा हथियार जमा भी किए जा चुके हैं। मगर यह साफ है कि हिंसा को थामने और उससे भी ज्यादा समस्या के हल के लिए कुछ भी ऐसा ठोस नहीं किया गया है, जिससे स्थायी रूप से शांति कायम करने का कोई रास्ता निकले।

सही है कि सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करना स्थिति को सामान्य बनाने में एक सहायक कदम हो सकता है। लंबे समय से राज्य में जारी हिंसा के बीच संभवतः वहां के सभी प्रभावित लोग और समुदाय शांति की उम्मीद में होंगे। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर यह समस्या के मूल कारणों को दूर किए बिना सतह पर कुछ किया जाता है, तो इसके नतीजे अनुकूल नहीं भी आ सकते हैं। ताजा हिंसा के बाद स्थानीय कुकी संगठनों की ओर से जैसी प्रतिक्रिया आई है, वह इसी का उदाहरण है।

कुकी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन की ओर यह कहा गया कि वे शांति का समर्थन करते हैं, लेकिन इस तरह के उपायों से नाराजगी और संघर्ष की स्थिति पैदा होगी। राज्य में हिंसा की शुरूआत के करीब पौने दो वर्ष बाद भी अगर हालात में कोई सुधार आता नहीं दिख रहा है, तो यह सरकारों के भीतर ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को ही दर्शाता है। जब तक स्थायी शांति के लिए राजनीतिक स्तर पर ठोस समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक तात्कालिक उपायों का शायद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आएगा।

# सबसे खतरनाक झील, पलक झपकते ही मारे गए 1700 लोग

दुनिया में कुछ कुदरती जगह ऐसी हैं जो हैं तो खूबसूरत, लेकिन ऐसे हादसे की गवाह हैं, जिन्हें याद कर

## जरा हट के

आज भी लोग सिहर जाते हैं. इनमें से पश्चिम अफ्रीकी देश कैमरून की लेक नायोस नाम की झील भी कुछ ऐसी है. यहां करीब 40 साल पहले ऐसा कुछ हुआ था जिसमें क दोन हीं बल्कि करीब 1700 लोगों की एक साथ मौत हो गई थी. इस हैरान करने वाली घटना की जांच के बाद ऐसा ना हो इसके उपाय तो किए गए. लेकिन नायोस झील आज भी लोगों में वही खौफ पैदा कर देती है जैसा कि उस हादसे के बाद हुआ था.

### क्या हुआ था

बात 21 अगस्त 1986 की है झील के पास काम कर रहे किसानों औरद मजदूरों को अचानक ही कंपन की आवाज सुनाई दी थी. तबी अचनाक ही झील से सैंकड़ों फुट ऊंचाई तक झाग निकला और उसके ऊपर



सफेद बादल छा गया. जब ये लोग माजरा समझने के लिए झील के पास पहुंचे तो वे बेहोश हो कर गिर गए.

इतना ही नहीं बादल नीचे आकर बैठ गया और घाटी के रिहायशी इलाके में फैल गया. इसका असर वहां के लोगों पर भी पड़ा. बादल का असर झील के पास के 25 किलोमीटर के इलाके तक हुआ और दो दिन बात यहां आने वाले लोगों ने हर तरफ इंसानों और मवेशियों की लाशों का ढेर देखा. तब तक अधिकांश बादल छंट चुका था. कुछ बेहोश लोगों को जरूर होश आया, लेकिन उन्हें अपने नजदीकियों और मवेशियों की लाशों का खौफनाक मंजर देखना पड़ा.

झील भी बदल गई थी. पानी कम हो गया था. उसमें पौधे और पत्तियां तैर रहे थे. आसपास का मंजर बहुत ही खौफनाक तरीके से शांत हो गया था. वैज्ञानिकों ने पड़ताल में पाया कि बादलों में भारी मात्रा में कार्बनडाइऑक्साइड गैस थी. जिसे लोगों को हवा में सांस लेना नामुमकिन हो गया था और वे बेहोश होकर मरने लगे थे. बाद में इस गैस की मात्रा कम होने पर ही बेहोश लोग होश में आ सके.

# भांग के पकौड़े

खाना-खजाना

होली पर हर साल ठंडाई और भांग का नाम कानों में ना पड़े, ऐसा तो शायद ही कभी मुमकिन हो। होली पर एक और चीज ऐसी परोसी जाती है, जिसके बिना रंगों के इस त्योहार की मस्ती अधूरी रह जाती है। जी हां और वो है भांग के पकौड़े। होली के मौके पर भांग के पकौड़े बनाने का चलन बहुत पुराना है। कई लोगों के लिए भांग के पकौड़ों के बिना यह पर्व अधूरा रहता है। भांग के पकौड़े ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी होते हैं बल्कि इन्हें बनाना भी आसान होता है। सेहत का ध्यान रखते हुए इन पकौड़ों में भांग का सीमित मात्रा में ही उपयोग किया जाता है।

**सामग्री :**

- 200 ग्राम बेसन
- 100 ग्राम भांग की पत्तियां
- 10 ग्राम भांग के बीज का पाउडर
- 2 आलू
- 100 ग्राम पालक
- 5 ग्राम अजवायन
- 1 चम्मच सरसों के बीज
- 4 हरी मिर्च
- 10 ग्राम लाल मिर्च पाउडर
- 2 कप तेल
- नमक

### बनाने का तरीका



भांग के पकौड़े बनाने के लिए सबसे पहले आलू, पालक, भांग की पत्तियां और हरी मिर्च को अच्छी तरह धो लें। इसके बाद आलू को छीलकर बराबर टुकड़ों में काट लें। पालक, भांग की पत्तियां और हरी मिर्च को भी काटकर अलग रख लें। इसके बाद एक कटोरे में बेसन, नमक और सोडा डालकर तीनों चीजों को अच्छी तरह मिला लें। अब इस कटोरे में भांग के बीज का पाउडर, भांग की पत्तियां, अजवायन, लाल मिर्च पाउडर, कटी हुई हरी मिर्च और पानी डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिलाते हुए बैटर से एक गाढ़ा घोल तैयार कर लें। अब कढ़ाई को गैस पर तेज आंच पर रखकर उसमें तेल डालकर गर्म करें। इसके बाद आलू के टुकड़े वाला बैटर तेल में डालकर डीप फ्राई करें। आपके भांग के पकौड़े बनकर तैयार हैं। इमली की चटनी के साथ भांग के क्रिस्पी पकौड़ों को गरमागरम सर्व करें।

# रोज सुबह की ये आदतें पूरे दिन आपको रखेंगी ऊर्जावान

### सेहत में दिखने लगेगा गजब का बदलाव

पूरे दिन स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं तो सबसे जरूरी है कि आप दिन की शुरुआत अच्छी करें। सुबह की आदतें हमारे पूरे दिन की ऊर्जा, मूड और उत्पादकता को प्रभावित करती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपकी सुबह अच्छी होती है तो इससे पूरे दिन के अच्छा बीतने की संभावना बढ़ जाती है। वैसे तो हर सुबह अच्छी होती है, लेकिन कई बार बीते दिन की कुछ बातें जहन में इस कदर बस जाती हैं, जिससे निकल पाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसका असर आपके अगले दिन पर भी पड़ता है।

शोध बताते हैं कि सुबह की अच्छी दिनचर्या अपनाने से न केवल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि यह हमें ऊर्जावान और सक्रिय बनाए रखती है।



क्या आप जानते हैं, एक अच्छी सुबह आपके मानसिक व शारीरिक विकास को बढ़ावा देती है। हालांकि प्रश्न ये है कि, अच्छी सुबह का सही मतलब क्या है? दरअसल, अच्छी सुबह से तात्पर्य है कि जो आपको ऊर्जा प्रदान करे, खुशी का माहौल दे। आइए आपको मॉर्निंग बूस्ट करने के कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जो पूरे दिन को बेहतरीन और ऊर्जावान बनाने में आपकी मदद करेंगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- व्यायाम और स्वस्थ खान-पान की आदतों के साथ सुबह की कुछ और आदतों पर भी ध्यान दें।
- प्रोटीन और फाइबर युक्त नाश्ता करने से शरीर को अधिक ऊर्जा मिलती है और दिनभर भूख भी नियंत्रित रहती है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की स्टडी के अनुसार, सुबह यदि हम दिनभर के कार्यों की योजना बना लेते हैं, तो हमारी उत्पादकता 25% तक बढ़ सकती है।
- मॉर्निंग मेडिटेशन से एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है जो मूड को बेहतर बनाने में मदद करता है। मेडिटेशन आपको सकारात्मक महसूस कराता है।

### दिन की शुरुआत एक गिलास पानी से करें

रात में 8-9 के गैप के कारण सुबह उठने के बाद शरीर डिहाइड्रेटेड रहता है, इसलिए दिन की शुरुआत एक गिलास पानी से करें। पानी पीने से मेटाबॉलिज्म की दर बढ़ती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के विशेषज्ञ बताते हैं यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और ऊर्जा स्तर को बनाए रखने में मदद करता है। अधिकतन लाभ प्राप्त करने के लिए गुनगुना पानी या नींबू-पानी पीने की आदत बनाइए। इसके कुछ देर बार हाइड्रेशन को और बेहतर करने के लिए नारियल पानी या हर्बल टी भी ले सकते हैं।

### सूरज की रोशनी और ताजी हवा लें

सुबह की धूप विटामिन-डी का प्राकृतिक स्रोत है, जो इम्यून सिस्टम और हड्डियों को मजबूत करने के साथ सेरोटोनिन (खुशी का हार्मोन) को बढ़ाने में मददगार है। शोध के अनुसार, सुबह की धूप लेने से सर्केडियन रिदम संतुलित रहता है, जिससे दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। इसके लिए कम से कम 10-15 मिनट तक धूप में टहलें। अगर आप बाहर नहीं जा सकते हैं तो बालकनी या छत पर खड़े होकर ताजी हवा और धूप लें।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, सुबह के व्यायाम से शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव बढ़ता है, जिससे व्यक्ति पूरे दिन खुश और ऊर्जावान महसूस करता है। व्यायाम की आदत शारीरिक और मानसिक दोनों सेहत को ठीक रखने के लिए जरूरी है। 30 मिनट व्यायाम से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और तनाव और चिंता कम होती है। ये आपको शारीरिक रूप से सक्रियता बढ़ाने में बहुत मददगार है।

## आज का राशिफल

**मेष :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृषभ :** अप्रत्याशित खर्च होंगे। तनाव रहेगा। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम न लें। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र का विकास एवं विस्तार होगा। उपहार मिल सकता है। संतान की चिंता दूर होगी।

**मिथुन :** रुका हुआ धन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। स्वयं के ही प्रयासों से जनप्रियता एवं मान-सम्मान मिलेगा। रुका काम समय पर पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा, नई योजनाएं बनेंगी।

**कर्क :** वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा। सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। आर्थिक तंगी रहेगी।

**सिंह :** तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। बाहरी सहायता से काम होंगे। ईश्वर में रुचि बढ़ेगी। कामकाज की अनुकूलता रहेगी। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। पूंजी संचय की बात बनेगी।

**कन्या :** चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी। पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। दूसरों की नकल न करें।

**तुला :** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्यों में विलंब से चिंता होगी। मानसिक उद्विग्नता रहेगी। पारिवारिक जीवन संतोषप्रद रहेगा।

**वृश्चिक :** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

**धनु :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। रोजगार में उन्नति एवं लाभ की संभावना है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मकर :** आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। व्यावसायिक चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा। शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें। मेहनत अधिक होगी।

**कुंभ :** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। कार्य पूर्ण होंगे। आय बढ़ेगी। मनोरंजक यात्रा होगी। प्रसन्नता रहेगी। सहयोगी मदद नहीं करेंगे। व्ययों में कटौती करने का प्रयास करें। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

**मीन :** आज पुराने मित्र, रिश्तेदार या दूरस्थ क्षेत्र के संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न लें। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें। आर्थिक अनुकूलता रहेगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। राज्यपक्ष से लाभ के योग हैं।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# जानें होलिका दहन का शुभ मुहूर्त और समय

रंगे के त्योहार होली आने में अब बस दो दिन रह गए हैं. होली प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है. होली के एक दिन पहले होलिका दहन मनाया जाता है. इस साल होलिका दहन 13 मार्च गुरुवार को किया जाएगा. होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 27 मिनट से लेकर 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा. होलिका दहन पर भद्रा, मुहूर्त और तारीख का खास ध्यान रखना चाहिए. विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष 13 मार्च को सुबह से ही भद्रा का साया रहने वाला है. इसका समय होगा सुबह 10:35 से लेकर रात 11:26 तक. इस समय के बीच कभी भी होलिका दहन नहीं करना चाहिए वरना अशुभ फल की प्राप्ति होगी.

### होलिका दहन शुभ मुहूर्त, भद्रा साया समय

**फाल्गुन पूर्णिमा शुरू-** दिनांक 13 मार्च को सुबह 10:35 मिनट

**फाल्गुन पूर्णिमा का समापन-** दिनांक 14 मार्च को दिन में 12:24 मिनट पर

13 तारीख को दिन-रात रहेगी पूर्णिमा की तारीख, इसलिए होलिका दहन 13 मार्च को ही होलिका जलाई जाएगी. भद्रा काल- 13 मार्च को सुबह 10:35 से 11:26 मिनट तक.

### होलिका दहन 2025 पूजा मुहूर्त

13 मार्च को दिन में 1:30 बजे से लेकर 3 बजे तक राहुकाल का समय रहने वाला है, ऐसे में इस दौरान आप पूजा ना करें. यह अशुभ माना गया है. पूजन का शुभ समय 10: 35 मिनट से लेकर 1:29 मिनट तक रहेगा. इस बीच आप पूजा जरूर कर लें. तभी ये शुभ और सफल माना जाएगा. होलिका दहन करने के लिए आपको इस बार सिर्फ 1 घंटा चार मिनट का समय ही मिल पाएगा.

# रजनीगंधा फूल जितना सुंदर उससे कहीं ज्यादा गुणकारी

### तनाव, चिंता और मूत्राशय की सूजन करे दूर

कई तरह के फूल होते हैं, जिनमें कुछ तो बेहद खूबसूरत और सुगंधित होते हैं. इन्हीं सुंदर और आकर्षक फूलों में से एक है रजनीगंधा के फूल. रजनीगंधा का फूल सफेद रंग का होता है और बेहद ही सुंदर और खुशबूदार होता है. यह सिर्फ सुंदर ही नहीं, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभों से भी भरा होता है. इसमें ढेरों औषधीय गुण मौजूद होते हैं. यह जीवन को महकाने के साथ ही आपकी सेहत को भी दुरुस्त रख सकता है. तनाव, चिंता दूर करने से लेकर स्किन संबंधित समस्याओं को दूर करता है रजनीगंधा फूल. रजनीगंधा के अनेक फायदों के बारे में जानते हैं यहां.



### रजनीगंधा के फायदे

-रजनीगंधा को कई नामों से जाना जाता है. इसमें अंग्रेजी में इसे ट्यूबरोज कहते हैं और इसका वैज्ञानिक नाम Polianthes tuberosa है. साथ ही इसे निशीगंधा, स्वोर्ड लिल्ली भी कहते हैं. यह एक सुगंधित फूल वाला पौधा है. रजनीगंधा का पौधा मैक्सिको और मध्य अमेरिका में मुख्य तौर पर पाया जाता है, लेकिन भारत में भी इसे बड़े पैमाने पर उगाया जाता है. रजनीगंधा को प्रेम और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है.

– ढेरों औषधीय गुणों से भरपूर रजनीगंधा का इस्तेमाल आयुर्वेद में एक अहम जड़ी-बूटी मानी गई है. इसका इस्तेमाल यौन संचारित रोगों (एसटीडी) के लिए खूब किया जाता है. इस पौधे के बल्ब का अर्क गोनोरिया के इलाज में बहुत मददगार साबित होता है.

– इतना ही नहीं, रजनीगंधा का फूल एक बेहतरीन मूत्रवर्धक भी है. इस फूल का अर्क मूत्राशय की सूजन और यूरिनरी रिटेंशन से ग्रस्त लोगों को पेशाब को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है.

-एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होने के कारण सूजन में भी इसे कारगर माना गया है. इसके तेल से मालिश करने पर ज्वाइंट में होने वाला दर्द, इंफ्लेमेशन कम किया जा सकता है.

-इसके साथ ही, त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए रजनीगंधा का फूल बेहद ही उपयोगी है. फूलों के अर्क को त्वचा पर लगाने से मुंहासे, खुले पोर्स और तैलीय त्वचा से राहत मिलती है. गर्मी के मौसम में जिनकी त्वचा अधिक ऑयली रहती है, उन्हें इसका अर्क जरूर लगाना चाहिए.

-स्ट्रेस, एंजायटी से परेशान रहने वालों के लिए भी रजनीगंधा बेस्ट है. इसके फूल में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो प्राकृतिक रूप से तनाव दूर करने वाले होते हैं. इस फूल की खुशबू मन को शांत करती है. शरीर को आराम भी देती है. इससे स्ट्रेस, एंजायटी, गुस्सा, भ्रम, चिड़चिड़ापन आदि दूर किया जा सकता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रेमिका को गेस्ट हाउस बुलाकर गोली से उड़ाया

**अमरोहा.** अमरोहा में प्यार में शक ने युवती की जान ले ली है। प्रेमी ने हरिद्वार में रहने वाली प्रेमिका को अपने गेस्ट हाउस बुलाया। इसके बाद गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद खुद ही पुलिस को डायल-112 पर कॉल किया। उत्तर प्रदेश भंडारण निगम के गोदाम के निकट नगर के अवंतिका नगर मोहल्ला निवासी हरपाल सिंह उर्फ बंटी चौहान का द ग्रेट विनायक गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट है। गेस्ट हाउस एवं रेस्टोरेंट बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव धनौरी खुर्द निवासी अंकुश चौधरी ने किराए पर ले रखा है। अंकुश चौधरी ने हरिद्वार के कनखल निवासी युवती को एक दिन पहले सोमवार को बुलाया था। दोनों में करीब डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस के अनुसार अंकुश को शक था कि युवती किसी अन्य युवक से बात करती थी। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और अंकुश ने उसकी हत्या कर दी। फोरेंसिक टीम ने कमरे से सबूत जुटाए हैं और होटल के कमरे को सील कर दिया गया है।

### रिश्वतखोरी में 2 महिला लेखपाल सस्पेंड

**सिद्धार्थनगर.** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर में रिश्वत लेने का वीडियो वायरल होने पर एसडीएम बांसी ने दो महिला लेखपालों को सस्पेंड कर दिया। साथ ही तहसीलदार बांसी को मामले की जांच सौंपी है। दोनों लेखपाल बांसी तहसील की हैं। इन पर काम के बदले एक व्यक्ति से रिश्वत लेने का आरोप है। हालांकि 'लाइव हिन्दुस्तान' वायरल हो रहे वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय ने बताया कि रविवार की शाम महिला लेखपाल का रिश्वत लेते हुए एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में बांसी क्षेत्र संख्या 57 तेजगढ़ की लेखपाल और क्षेत्र संख्या 131 उदयपुर की लेखपाल दिख रही हैं। इनके सामने एक व्यक्ति द्वारा कुछ रुपये गिनकर एक पत्रावली में रखा जा रहा है। साथ ही रुपये समेत उस पत्रावली को उस व्यक्ति से महिला लेखपाल अपने हाथों में प्राप्त कर रही हैं।

### कौशांबी में डबल मर्डर: अवैध संबंधों के शक में मां-बेटे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**कौशांबी.** यूपी के कौशांबी से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां अवैध संबंधों के शक में युवक और उसकी मां की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि काजू गांव निवासी सनी को शक था कि उसकी बहन से गांव के ही कल्लू का अवैध संबंध है। इसी के चलते बीती देर रात में शनी अपने भाई श्रवण और मां शांति देवी के साथ योजना बनाकर कल्लू उर्फ सर्वजीत के घर पहुंच गए। दोनों पक्षों में वाद-विवाद होने लगा। इस दौरान हमलावरो ने कुल्हाड़ी से कल्लू पर प्रहार कर दिया। बचाव में उसकी मां सगीता आई तो उसे भी कुल्हाड़ी से काटकर मरणासन्न कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां बेटे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान कल्लू और संगीता की मौत हो गई।

# दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के

- मेघालय का बर्नीहाट टॉप
- दिल्ली सबसे पॉल्यूटेड कैपिटल
- ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड समेत 14 देश सबसे साफ

**नई दिल्ली.** दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित कैपिटल की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी IQ एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में PM 2.5 के स्तर में 7% की गिरावट देखी गई।

2024 में PM 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां PM 2.5 का सालाना




औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा।

ओशिनिया दुनिया का सबसे साफ क्षेत्र

ओशिनिया साल 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57% शहर WHO के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में PM2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है।

UN के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैं* शामिल हैं।

- भारत के कई शहरों में PM 2.5 का स्तर 10 गुना ज्यादा

भारत के शहरों में हवा इतनी खराब है कि 35% शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (PM2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है।

इस खराब हवा के कारण भारत में लोगों की सेहत खतरे में है। लोगों की औसत उम्र करीब 5.2 साल कम हो रही है।

एक रिसर्च के अनुसार, 2009 से 2019 के बीच भारत में हर साल करीब 15 लाख लोगों की मौतें हवा में मौजूद PM2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हुईं।

- क्या है PM 2.5

PM 2.5 हवा में मौजूद 2.5 माइक्रॉन से छोटे सूक्ष्म प्रदूषण कणों को कहते हैं। ये कण फेफड़े और ब्लड में प्रवेश कर सकते हैं।

इससे सांस लेने में तकलीफ, दिल की बीमारी और यहां तक कि कैंसर भी हो सकता है।

इसकी सबसे बड़ी वजह गाड़ियों से और उद्योगों से निकलने वाला धुआं, लकड़ी और फसलों के खरपतवार का जलना शामिल है।

# लैंड फॉर जॉब स्कैम- तेजप्रताप और हेमा को मिली जमानत

- 50 हजार के मुचलके पर बेल
- CBI ने 78 लोगों को बनाया है आरोपी

**नई दिल्ली.** लैंड फॉर जॉब केस में आज यानी मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई है।कोर्ट ने 50 हजार के मुचलके पर बेल दी है। लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव सुनवाई के दौरान कोर्ट पहुंचे थे।

लैंड फॉर जॉब केस के वकील वरूण जैन ने बताया- '1 सिक्योरिटी और 50 हजार मुचलके



पर जमानत दी गई है। गवाहों से टेम्परिंग नहीं करना है। देश छोड़कर जाने से पहले कोर्ट को बताना होगा। इस कंडीशन पर बेल दी गई है।'

'तेजस्वी और लालू यादव को पहले ही बेल मिल गई थी। आज कुल 70 आरोपियों को समन जारी था। जिसमें 3-4 को समन नहीं मिला था। करीब 50 आरोपी आज कोर्ट में पेश हुए। जिन्होंने आज बेल याचिका दायर की थी, उन्हें जमानत मिल गई है।'

तेजप्रताप और हेमा यादव को जमानत मिलने के बाद उनकी मां और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार जान कर परेशान कर रही है। जब-जब चुनाव आता है तब ऐसा ही होता है। मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है

**25 फरवरी को कोर्ट ने आरोपियों को भेजा था समन**

इससे पहले 25 फरवरी को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने CBI की ओर से दाखिल फाइनल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन भेजा था।

तीनों लोगों को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया था। इस केस में CBI ने लालू यादव समेत 78 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

चार्जशीट में 30 लोक सेवक आरोपी हैं। CBI ने बताया था, 'हमने कोर्ट से रेलवे बोर्ड के अधिकारी आर के महाजन के खिलाफ केस की अनुमति ले ली है। उनके खिलाफ गवाहों की लिस्ट भी तैयार है। आगे कोर्ट इस मामले में फैसला लेगा।'

इससे पहले 16 जनवरी को अदालत ने कहा था, 'यदि 30 जनवरी तक महाजन के खिलाफ स्वीकृति नहीं मिलती है तो सक्षम अधिकारी को इसका स्पष्टीकरण देना होगा।'

### मॉरीशस ने मोदी को दिया देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मॉरीशस सरकार ने अपना सबसे बड़ा नागरिक सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से नवाजा है। पीएम मोदी इस प्रतिष्ठित सम्मान को पाने वाले पहले भारतीय बने हैं। गौरतलब है कि यह पीएम मोदी को किसी देश द्वारा दिया गया 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। इस सम्मान को स्वीकार करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ?मैं इसे विनम्रता से स्वीकार करता हूं। यह सम्मान भारत और मॉरीशस के गहरे रिश्तों का सम्मान है। यह उन भारतीयों का भी सम्मान है, जिन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस धरती की सेवा की और इसे ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### गोल्ड स्मग्लिंग केस, कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या का दोस्त अरेस्ट

**बेंगलूरु.** 14 करोड़ रुपए के गोल्ड तस्करी केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव के दोस्त तरुण राजू को पुलिस ने अरेस्ट किया है। राजू बेंगलुरु के एट्रिया होटल के मालिक का पोता है।

उसे रविवार रात को बेंगलुरु में विशेष आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे चार दिनों के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) की हिरासत में भेज दिया है। रान्या की शादी आर्किटेक्ट जतिन हुक्केरी से होने के बाद तरुण राजू और एक्ट्रेस के बीच मतभेद शुरू हो गया था। इसके बावजूद दोनों मिलकर सोने की तस्करी कर रहे थे। इधर, एक्ट्रेस रान्या पर एयरपोर्ट के VIP प्रोटोकॉल का फायदा उठाने का आरोप लगा है। उनके सौतेले पिता और कर्नाटक के DGP डॉ. के रामचंद्र राव पर उनकी मदद का आरोप है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (ACS) गौरव गुप्ता को DGP डॉ. के रामचंद्र राव की भूमिका की जांच करके एक हफ्ते में रिपोर्ट देने को कहा है।

# रोशनी नाडार अब देश की सबसे अमीर महिला

- अंबानी-अडाणी के बाद तीसरी सबसे धनी
- पिता शिव ने HCL-कॉर्प में 47% हिस्सेदारी दी

**नई दिल्ली.** एचसीएल (HCL) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47% हिस्सेदारी ट्रांसफर की है। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के पास है।

रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली HCL टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी IT कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपए है। इसमें अब आधी से ज्यादा हिस्सेदारी शिव नाडार की बेटी के पास है।

रोशनी ब्रिटेन की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से कम्युनिकेशन में



ग्रेजुएट हैं। उन्होंने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से MBA भी किया है। रोशनी ने ब्रिटेन में स्काई न्यूज में बतौर प्रोड्यूसर करिअर की शुरुआत की थी।

**सावित्री जिंदल से आगे निकलीं रोशनी**

रोशनी नाडार अब देश की सबसे अमीर महिला भी हैं। इस मामले में उन्होंने सावित्री जिंदल को पीछे छोड़ दिया है, जिनके पास 2.63 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। जिंदल पांचवीं अमीर हस्ती हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स- इंडिया लिस्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी 7.7 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर गौतम अडाणी की संपत्ति करीब 6 लाख करोड़ रुपए है।

रोशनी यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हैं। वे 'द नेचर कंजर्वेंसी' के ग्लोबल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में भी शामिल हैं। इसके अलावा वे HDFC एसेट मैनेजमेंट कंपनी के बोर्ड में इंडिपेंडेंट डायरेक्टर भी हैं।

रोशनी शिव नाडार फाउंडेशन की ट्रस्टी हैं। बिजनेस और समाज में योगदान के लिए उन्हें कई बार फॉर्च्यून इंडिया की सबसे शक्तिशाली महिलाओं की लिस्ट में शामिल किया जा चुका है।

***पाकिस्तान** में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) के विद्रोहियों ने एक ट्रेन को अगवा कर लिया। इनकी ओर से रेलगाड़ी पर गोलीबारी भी कई गई, जिसमें ड्राइवर समेत कई यात्री घायल हो गए। सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि यह हमला क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस पर बोलन जिले में हुआ।

# महंगाई दर 4% से नीचे रह सकती है, लोन की किस्तें घटने के आसार

**नई दिल्ली.** देश में महंगाई कम होने के संकेत हैं। फरवरी में रिटेल महंगाई दर जनवरी के मुकाबले कम रह सकती है। सभी श्रेणी की वस्तुओं, खास तौर पर खाने की चीजों के दाम घटने से यह 4% या इससे भी नीचे रह सकती है, जो रिजर्व बैंक के टारगेट के भीतर है।

RBI की मौद्रिक नीति समिति अप्रैल में एक बार फिर नीतिगत ब्याज दर यानी रेपो रेट घटा सकती है। इस साल जनवरी में रिटेल महंगाई दर





4.31% थी। सांख्यिकी मंत्रालय फरवरी के आंकड़े बुधवार को जारी करेगा। रिजर्व बैंक ने 31 मार्च को खत्म हो रहे वित्त वर्ष 2024-25 में रिटेल महंगाई दर 4.8% रहने का अनुमान लगाया है। केंद्रीय बैंक का ये भी अनुमान है कि जनवरी-मार्च तिमाही में महंगाई दर 4.4% रहेगी। फरवरी के आंकड़े इससे भी कम रह सकते हैं। कम से कम चार देसी-विदेशी एजेंसियों ने तो ऐसा ही अनुमान लगाया है।

# भारतीय कुश्ती महासंघ से आखिर हटा बैन

- बृजभूषण के करीबी का कायम हुआ 'दबदबा'

**नई दिल्ली.** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पर लगाया गया निलंबन हटा दिया है, जिससे खेल में कई महीनों से बनी अनिश्चितता समाप्त हो गई है और विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का रास्ता भी साफ हो गया है, जिनमें अम्मान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी शामिल है। मंत्रालय ने संचालन संबंधी गतिविधियों में खामियों के कारण 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। नई संस्था का गठन इससे तीन दिन पहले 21 दिसंबर को हुआ था। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह का फिर से 'दबदबा' कायम हो गया।



**'डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए'**

संजय सिंह के नेतृत्व वाली नई संस्था ने बृजभूषण शरण सिंह के गढ़ नंदिनी नगर, गोंडा में अंडर -15 और अंडर -20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की घोषणा की थी, जिससे सरकार नाराज थी क्योंकि पूर्व भाजपा सांसद यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे थे। मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि डब्ल्यूएफआई ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं और इसलिए खेल और खिलाड़ियों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने निलंबन हटाने का फैसला किया है।

# गैंगस्टर अमन साहू का पलामू में एनकाउंटर

- पुलिस बोली- साथियों ने बम फेंककर छुड़ाना चाहा
- राइफल छीनकर भागा तो मारा गया

**पलामू.** झारखंड के बड़े गैंगस्टर्स में शामिल अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। मंगलवार को उसे रायपुर जेल से झारखंड पुलिस की रिमांड में रांची लाया जा रहा था।

पलामू SP रिष्मा रमेशन के मुताबिक, 'अमन साहू को NIA के एक मामले में ATS की टीम रायपुर जेल से ला रही थी। जैसे ही स्कॉर्पियो चैनपुर-रामगढ़ रोड के अन्हारी ढ़ोढ़ा घाटी पहुंची। अमन साहू के साथियों ने, उसे छुड़ाने के लिए स्कॉर्पियो पर बम फेंका।'



घटना मंगलवार सुबह 9.15 बजे की है। SP रिष्मा रमेशन ने बताया कि, 'बमबाजी के बाद अमन साहू ने हवलदार राकेश कुमार के हाथ से राइफल छीनकर फायरिंग की कोशिश की। तभी जवाबी कार्रवाई में उसे मार गिराया गया। हवलदार की जांघ में गोली लगी है। उसका इलाज एमएमसीएच पलामू में चल रहा है।

जहां घटना हुई है, वह थोड़ा जंगली इलाका है। यहां मोबाइल नेटवर्क की भी दिक्कत है। घटनास्थल से 100 मीटर पहले आम लोग और मीडिया के जाने पर रोक लगा दी गई है।

**रंगदारी नहीं देने पर फायरिंग करवाता**

अमन साहू झारखंड पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती था। उसके गिरोह के निशाने पर कोयला कारोबारी, ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार, रियल एस्टेट कारोबारी और बिल्डर थे। अमन इनसे लगातार रंगदारी वसूल रहा था। बात नहीं मानने वालों पर खुलेआम गोलियां भी चलवाता था। इसके बाद गैंग के गुर्गे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर और वर्चुअल नंबर से मीडिया को जानकारी भी देते थे कि घटना को उनके ही गिरोह ने अंजाम दिया है।

### चर्चा में एक्टर विजय की इफ्तार पार्टी

तमिल सुपरस्टार थलापति विजय की इफ्तार पार्टी अब विवादों के घेरे में आ गई है। जहां एक तरफ उनकी इस पहल को सेक्युलरिज्म की मिसाल बताया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम संगठन तमिलनाडु सुन्नत जमात ने इस पर आपत्ति जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। संगठन का आरोप है कि इस इफ्तार में नशे में धुत्त और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल थे, जिससे मुसलमानों की बेइज्जती हुई।

विजय ने 7 मार्च को चेन्नई में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था, जहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय को आमंत्रित किया और उनके साथ बैठकर रोजा खोला। इस दौरान वे सफेद कुर्ता-धोती और टोपी पहने नजर आए। इफ्तार खत्म होने के बाद विजय अपने प्रचार वैन के सनरूफ से बाहर आकर प्रशंसकों का अभिवादन भी किया।

# ICC की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में रोहित का नाम नहीं

ICC ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की बेस्ट टीम में भारत के कप्तान रोहित शर्मा को नहीं रखा। न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर को कप्तान बनाया गया, उनकी टीम के 4 प्लेयर्स को प्लेइंग-11 में जगह मिली।

भारत से विराट कोहली समेत 5 प्लेयर्स को शामिल किया गया। वहीं अक्षर पटेल को 12वां खिलाड़ी बनाया गया। अफगानिस्तान से भी 2 प्लेयर्स को जगह मिली। मेजबान पाकिस्तान समेत बाकी 5 देशों के एक भी प्लेयर को टीम में जगह नहीं मिली।

ICC चैंपियंस ट्रॉफी XI में रोहित की ओपनिंग पोजिशन पर न्यूजीलैंड के लेफ्ट हैंड बैटिंग ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को रखा गया है। उनके अलावा कीवी टीम से ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स, कप्तान मिचेल सैंटनर और तेज गेंदबाज मैट हेनरी को भी शामिल किया गया।

रचिन ने टूर्नामेंट के 4 मैचों में 2 शतक लगाकर 263 रन बनाए। वे प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुने गए। फिलिप्स ने 59 की औसत से 177 रन बनाए, उन्होंने 2 विकेट लिए और 5 कैच भी पकड़े। सैंटनर ने 4.80 की इकोनॉमी से 9 विकेट लिए। वहीं हेनरी 4 मैचों में 10 विकेट लेकर टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने।



अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान भी बेस्ट प्लेइंग-11 का हिस्सा बनने में कामयाब रहे। उन्होंने 1 शतक लगाकर 216 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ उनके बनाए 177 रन टूर्नामेंट का हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर भी रहा।

अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई भी टीम में शामिल हुए। उन्होंने 3 मैचों में 42 की औसत से 126 रन बनाए और 7 विकेट भी लिए। उन्होंने ही इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई थी।

भारत से 5 प्लेयर्स को प्लेइंग-11 में जगह मिली। इनमें 2 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, विकेटकीपर केएल राहुल, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी शामिल रहे।


**कार्यकारी अभियंता (विद्युत) यांचे कार्यालय**

ठाणे विद्युत विभाग, सा.बां. विभाग, टीएमटी पार्कींग प्लाझा बिल्डींग, आठवा मजला, ज्युपिटर हॉस्पीटलजवळ, सर्व्हस रोड, पुर्व द्रुतगती मार्ग लगत, ठाणे (पश्चिम) पिन कोड - 400 601.

दुरध्वनी क्र. : (022) 2533 3144 (022)2530 4514

वेबसाइट : www.mahapwd.com ई-मेल : elthane.eemahapwd.gov.in

जा.क्र. काअ/ठाविवि/निविदा 1 / 1564/ सन 2025 दिनांक : 10.3.2025

**दरपत्रक सूचना क्र. 01 सन 2024-2025**

संदर्भ : 01 महाराष्ट्र शासन, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, मंत्रालय, मुंबई शासन निर्णय क.सोएटी 2017/प्र.क्र.8/इमारती-2 दिनांक 27 सप्टेंबर 2018
02 महाराष्ट्र शासन, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, शासन परीपत्रक्क क सौएटी-2029/प्र.क्र.120/इमारती-2 मंत्रालय, मुंबई दिनांक 17. सप्टेंबर 2019
03 महाराष्ट्र शासन, सार्वजनिक बांधकाम विभाग, मंत्रालय, मुंबई शासन निर्णय क्र. संकीर्ण-2022/प्र.क्र.104/इमा-2 दिनांक 14. फेब्रुवारी 2025

कार्यकारी अभियंता, ठाणे विद्युत विभाग, सा.बां. विभाग, सा.बां. परिसर, ठाणे (पश्चिम), दुरध्वनी क्र. (022) 25333144) हे खालील कामाकरीता

1. Est. No 112152/2024-25, Providing replacement of Diesel Generator (D.G. Set) at Maharashtra Judical Academy, Uttan Dhayandar Dist. Thane
2. Providing Diesel Generator Set (D.G. Set) dor Administrative Building Video Conference Hall nad Kitchen at Central Jail Thane

या प्रकल्पामधील कामाच्या विद्युतीकरणाच्या बाबीधील दरसुधी बाहय दर प्राप्त होणेस्तव खालील बाबींचे सिलबंद लखोटयात दरपत्रक मार्गावत आहेत. सिलबंद लखोटयातील दरपत्रके **दिनांक 13.03.2025 पासून दिनांक 20.03.2025** या कालावधीत कार्यालयीन वेळेत विभागिय कार्यालयात सादर कराबीत सादर करण्यात आलेली दरपत्रके **दिनांक 21.03.2025 रोजी दुपारी 12.00 वाजता** उघडण्यात येतील.

तसेच दरपत्रक स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, ठाणे बिद्युत विभाग, सा.बां.विभाग, सा.बां. परिसर, ठाणे (पश्चिम), दुरध्वनी क्र. (022) 25333144 यांनी राखुन ठेवला आहे. अट असलेली दरपत्रके स्विकारली जाणार नाही

खालील बाबींच्या सविस्तर तांत्रिक विनिदेशाकरीता elthane.ee@mahapwd.gov.in and elethane.ee@mahapwd.gov.in या इमेल वर मागविण्याबाबत ई मैल पाठविण्यात यावा, जेणेकरुन खालील बाबींचे तांत्रिक विनिदेश पाठविणे सोईचे होईल अथवा कार्यालयीन वेळेत उपलब्ध करुन देण्यात येईल

**NON CSR-Rate inviting Notice**

Est. No 112152/2024-25, Providing replacement of Diesel Generator Set (D.G. Set) at Maharashtra Judical Academy, Uttan Dhayandar Dist. Thane

| No. | Quantity | Item of Work | Unit |
|---|---|---|---|
| 1 | 1000 | SITC of 1010kVA, 4omh, 415H3 Diesel Generator Set (D.G.Set) witch consist of direct inhjection, Turbo-Charged four Stroke liquied costed Technology conferming to BS5514 & IS10000 without AMF Penel | Job |

Providing Diesel Generator Set (D.G. Set) dor Administrative Building Video Conference Hall nad Kitchen at Central Jail Thane

| No. | Quantity | Item of Work | Unit |
|---|---|---|---|
| 2 | 1000 | Supplying 3 phase, 58.5kVA/46.8kW Diesel Generator Set (D.G.Set)sonferming to latest CPCB IV + norms | Job |

Note: Details of Item Discription is avialable in the office of the Deputy Engineer (Electrical) Thane Electrical Sub Dn Thane and Division Office Thane

क्र. जिमाका /ठाणे/जाहि/2024-25/101

Sd/-
(S.R.Pujari)
Executive Engineer (Electrical)
Thane Electricas! Division
P.W.Deptt. Thane

## संक्षेप...

### पिता ने कपड़े बदलती बेटी का बनाया वीडियो

**नवी मुंबई.** वाशी के जुहू गांव में एक ऐसा मामला सामने आया है जहां एक पिता ने घर के बेडरूम में कपड़े बदल रहे बच्चे का अपने मोबाइल फोन पर वीडियो बना लिया। लड़की ने अपने पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। 28 फरवरी को पीड़िता अपनी मां के साथ बाहर जा रही थी। इसके लिए जब वह बेडरूम में कपड़े बदल रही थी, तो पिता ने अपने मोबाइल फोन से लड़की के कपड़े बदलते हुए वीडियो बना लिया. जब पिता को पता चला कि लड़की ने देख लिया है कि उसके मोबाइल फोन पर वीडियो रिकॉर्ड हो रहा है, तो पिता ने धमकी दी वह उसे पीटेगा और सड़क पर फेंक देगा।

# CM फडणवीस का औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को समर्थन

- बोले-इसे कानून के दायरे में करना होगा
- कांग्रेस शासनकाल में ASI संरक्षण में रखा गया



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्दाबाद से मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग का समर्थन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा- हम सब यही चाहते हैं, लेकिन आपको इसे कानून के दायरे में करना होगा, क्योंकि यह एक संरक्षित स्थल है। कुछ साल पहले कांग्रेस के शासनकाल में इस स्थल को ASI के संरक्षण में रखा गया था।

दरअसल, छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज भाजपा के सातारा सांसद उदयनराजे भोंसले ने मांग की थी कि औरंगजेब की कब्र को ढहा दिया जाए। उन्होंने कहा था कि क्या जरूरत है? एक जेसीबी मशीन भेजकर उसकी कब्र को गिरा दो, वह एक चोर और लुटेरा था।

उन्होंने कहा था कि औरंगजेब की कब्र पर जाकर श्रद्धांजलि देने वाले लोग उसका भविष्य हो सकते हैं। उन्हें उस कब्र को अपने घर ले जाना चाहिए, लेकिन औरंगजेब का महिमामंडन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की थी कि शाहजी छत्रपति महाराज, राजमाता जीजाऊ छत्रपति शिवाजी महाराज और छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में गलत बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# सीपी तलाव में डंपिंग ट्रांसफर स्टेशन में आग

- दो घंटे के भीतर आग पर काबू



**ठाणे.** ठाणे में वागले बस डिपो के पास वागले एस्टेट में स्थित सीपी तलाव में डंपिंग ट्रांसफर स्टेशन में आग लग गई। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा, ₹हमें सुबह 7:53 बजे आग लगने की सूचना मिली। कॉल के बाद, हमने आग बुझाने के लिए एक दमकल, एक बचाव वाहन और एक जंबो वॉटर टैंक वाली टीम भेजी। दो घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद कूलिंग ऑपरेशन शुरू हुआ।₹

हालांकि, पिछले शुक्रवार को साइट पर भीषण आग लग गई। इसके बाद, दमकल टीम ने आग बुझाई। इसके बाद पूरे इलाके में काला धुआं फैल गया। सीपी तलाव में कचरा ट्रांसफर सेंटर से निकलने वाली दुर्गंध के कारण ठाणे के निवासियों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

घटना के बाद, शिवसेना के नेतृत्व वाले एकनाथ शिंदे गुट के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया और मांग की कि ठाणे नगर निगम (टीएमसी) साइट पर कचरा डंप करना बंद करे और सुविधा को स्थानांतरित करे। कथित तौर पर, उन्होंने ठेकेदार को चेतावनी भी दी कि साइट पर कचरा डंप करने के लिए कचरा वैन को अनुमति देने के परिणाम होंगे। नतीजतन, टीएमसी अधिकारियों ने पुष्टि की कि, रविवार को, कचरा वैन को दाईघर प्रसंस्करण संयंत्र में स्थानांतरित करने से पहले दूसरे स्थान पर भेज दिया गया था।

टीएमसी अधिकारियों के अनुसार, सीपी तलाव कचरा स्थानांतरण केंद्र एक अंतरिम साइट के रूप में कार्य करता है, जहाँ कचरे को छोटे वाहनों में लाया जाता है, अस्थायी रूप से डंप किया जाता है, और फिर दाईघर प्रसंस्करण संयंत्र में स्थानांतरित करने के लिए भारी वाहनों पर लोड किया जाता है।

# GST अधिकारी और निजी कर सलाहकार 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी और एक निजी कर सलाहकार को 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। गई कार्रवाई में निजी कर सलाहकार एकनाथ पेडनेकर को गिरफ्तार किया गया, जबकि पालघर के जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर - तात्यासाहेब ढेरे फिलहाल फरार हैं। यह मामला 28 फरवरी, 2025 को 52 वर्षीय व्यवसायी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत से शुरू हुआ था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ढेरे ने पेडनेकर के माध्यम से अपने विनिर्माण व्यवसाय, संतोष इंजीनियरिंग वर्क पर लगाए गए



जीएसटी और जुर्माने को कम करने के लिए 15 लाख रुपये की मांग की।

एसीबी ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद जाल बिछाया गया। पेडनेकर ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम अंधेरी के चिमतपाड़ा रोड पर अनिरुद्ध होटल में लाने का निर्देश दिया, जो उसके कार्यालय के पास है। ऑपरेशन के दौरान, पेडनेकर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उसने शिकायतकर्ता से पैसे टेबल के नीचे रखने को कहा था, जबकि पांच स्वतंत्र गवाहों ने लेन-देन को देखा था। लेन-देन के दौरान मौजूद ढेरे गिरफ्तारी से पहले घटनास्थल से भाग गया।

पेडनेकर को हिरासत में ले लिया गया है और ढेरे को पकड़ने के लिए तलाशी जारी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। थाने एसीबी की पुलिस इंस्पेक्टर रूपाली पोल ने एसीबी के पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटिल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय गोविलकर और सुहास शिंदे की देखरेख में ऑपरेशन का नेतृत्व किया।

# पूर्व विधायक रवींद्र धंगेकर ने थामा शिवसेना का दामन

- महाराष्ट्र कांग्रेस को झटका

**मुंबई.** महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. पूर्व कांग्रेस विधायक रविंद्र धंगेकर ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर शिवसेना (एकनाथ शिंदे) में शामिल हो गए. कांग्रेस से उनके एक दशक लंबे जुड़ाव का अंत हो गया है. धंगेकर ने पार्टी छोड़ने का फैसला अपने समर्थकों और मतदाताओं से बातचीत के बाद लिया.

पिछले कुछ दिनों से चल रही अटकलों के बाद, पूर्व कांग्रेस विधायक रविंद्र धंगेकर ने आधिकारिक रूप से पार्टी से सोमवार को अपना इस्तीफा दे दिया. कांग्रेस से अपने एक दशक



पुराने जुड़ाव का अंत करते हुए, धंगेकर ने इस नए राजनीतिक सफर की घोषणा की है. धंगेकर, जिन्होंने हाल ही में इंडिया टुडे को एक इंटरव्यू में बताया कि कांग्रेस के साथ बिताए समय के दौरान पार्टी उनके लिए परिवार बन गई थी.

उन्होंने कहा, ₹पार्टी के साथ मेरे 10-12 साल के सफर में हमने धीमे-धीमे एक परिवार का रूप ले लिया. मेरे सहयोगियों ने मेरी राजनीतिक यात्रा में पूरा सहयोग दिया. मुझे विधानसभा चुनाव जिताने में मदद की और बाद में लोकसभा का टिकट भी दिया. हालांकि, मैं सांसदी का चुनाव हार गया, लेकिन पार्टी अभी भी मजबूती से खड़ी रही.₹

### जनहित की मांगों के लिए लिया निर्णय

धंगेकर के कांग्रेस छोड़ने के पीछे के कारणों में पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के साथ उनकी चर्चा शामिल है. उन्होंने कहा, लोग हमेशा पूछते रहे हमारी समस्याओं को कौन सुनेगा? लोकतंत्र में, सत्ता के बिना हम न्याय नहीं कर सकते या जनहित की मांगों को पूरा नहीं कर सकते. इसे देखते हुए, मैंने उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मंत्री उदय सामंत से कई बैठकें कीं. उन्होंने मुझे उनके साथ काम करने को प्रेरित किया और आज मैं आधिकारिक रूप से एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो रहा हूं.

धंगेकर की 2023 में कसबा पेठ विधानसभा उपचुनाव में शानदार जीत ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया था. उन्होंने बीजेपी के हेमंत रसने को पराजित किया, बावजूद इसके कि सत्तारूढ़ पार्टी ने मजबूत प्रचार अभियान चलाया था. यह उपचुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण था क्योंकि यह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे के सत्ता संभालने के बाद पहली बड़ी चुनावी प्रतियोगिता थी.

रविंद्र धंगेकर के इस महत्वपूर्ण फैसले से महाराष्ट्र की राजनीति में नई उथल-पुथल की संभावना है, क्योंकि उनके समर्थक अब नए मंच के तहत सक्रिय होंगे. उनकी इस नई राजनीतिक दिशा के लिए सभी की निगाहें आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव पर टिकी रहेंगी.

# प्लास्टिक की थैली में पानी भरकर लोगों पर डाल रहे

**ठाणे.** शहर में लगातार प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है जिसका कई कारण है उसमें प्लास्टिक की थैली भी प्रदूषण का कारण है ।लेकिन इस विषय को कोई भी गंभीरता से नही ले रहा है।ट्टलास्टिक बंदी मात्र कागज पर ही दिखाई देता नजर आ रहा है ?यह सवाल उपस्थित हो रहा है ।वही होली पर्व पर छोटे बच्चे प्लास्टिक थैली में पानी डालकर लोगों के अंग पर डाल रहे हैं ।इससे दुर्घटना होने की आशंका है ।लेकिन शहर में जगह-जगह थैली में पानी डालकर लोगों पर फेकने का शिलशिला जारी है ।शहर में कुछ दुकानदार निडर होकर विक्री लगातार कर रहे यह 10 से 20 रुपये में सैकड़ों थैलियां खरीददार को मिल जाता है ।मनपा पर यह सवाल ठाणेकरों ने किया है ।वही मनपा प्लास्टिक के उपयोग को लेकर जनजागृति अभियान कर रही है लेकिन प्लास्टिक की थैलियों,चाय के दुकानों पर पेपर कप खुलेआम दिखाई देता नजर आ रहा है ।सड़क पर चलते समय, मोटरसाइकिल, बस,लोकल ट्रेन में यात्रा के दौरान बच्चे थैली फेककर चले जाते हैं ।जिसका विपरीत परिणाम हो सकता है। आँख, कान, नाक जैसे नाजुक जगह पर लगने पर जख्मी होने की शिकायत आई है। वही नौपाडा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अभय महाजन ने बताया कि थैली फेकने वालो पर कड़क कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद बाल्या मामा ने की टोल वसूली की समीक्षा

- भिवंडी के पडघा टोल बूथ से होती है केवल वसूली-सांसद
- सड़क की हालत को नजरअंदाज करता है टोल प्रशासन



**भिवंडी.** मुंबई नासिक हाईवे पर रास्ते कई जगह खराब है जगह-जगह पर गड्ढे पड़ गए हैं.टोल प्रशासन सड़क निर्माण का कार्य धीमी गति से कर रहा है और पूरी तरह से वाहनों से टोल वसूल रहा है.भिवंडी से लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने भिवंडी तालुका के पडघा में स्थित टोल नाके का दौरा किया.

उन्होंने टोल नाके पर हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए शुक्रवार, शनिवार और रविवार के दिन पूरी जानकारी के लिए अपने कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर रखा है.यह कार्यकर्ता तीन दिनों में दिन रात आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखकर उनकी गिनती करेंगे.इसी संदर्भ में सांसद बाल्या मामा शनिवार को टोल नाके का दौरा किया और यह घोषणा की कि वह टोल नाके पर हो रहे भ्रष्टाचार की पोल जल्द खोलेंगे.मुंबई नासिक हाईवे का काम कई जगहों पर धीमी गति से चल रहा है और टोल प्रशासन नागरिकों और वाहन चालकों के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में लापरवाही बरत रहा है.

टोल प्रशासन द्वारा यात्रियों को कोई सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है.जब भी यात्री सुविधाओं का मुद्दा सामने आता है तो टोल प्रशासन द्वारा टोल न वसूले जाने का मुद्दा हमेशा सामने आता है. इसलिए पिछले दो दिनों से हमने खुद इस टोल बूथ पर दिन-रात कर्मचारी तैनात कर रखे हैं और शुक्रवार, शनिवार और रविवार को टोल बूथ से आने वाले वाहनों की रिकॉर्डिंग की जा रही है.

भिवंडी लोकसभा सांसद बाल्या मामा ने चेतावनी दी है कि हम जल्द ही इस टोल कंपनी के भ्रष्टाचार पर नकेल कसेंगे और टोल कंपनी का समर्थन करने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे.

# हत्या की साजिश के 3 आरोपी बरी

**ठाणे.** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस. बी. अग्रवाल ने एक व्यक्ति से जबरन वसूली करने और उसकी हत्या की साजिश रचने के मामले में आरोपित तीन लोगों को पर्याप्त सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है. अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि पांच दिसंबर 2021 से 20 मार्च 2022 के बीच आरोपियों ने ठाणे जिले के मीरा रोड स्थित शांति नगर इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगने की साजिश रची और रंगदारी न देने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी. आरोपियों ने उस व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखी, उसके निवास स्थान, कार्यालय और वाहन की जानकारी एकत्र की तथा इसे अपने सहयोगियों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा. उन्होंने साजिश के तहत दो पिस्तौल और कारतूस भी हासिल किए. अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि पुलिस के जबरन वसूली विरोधी प्रकोष्ठ ने समय रहते कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.


### आम सूचना

हम श्रीमती जुलेखा ईसराईल शेख व श्रीमती सितारा ईरशाद शेख सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, गजानंद मढवी चाल के सामने, राम मंदिर रोड, शहाड गांवठाण, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 03एओ018160900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अंजनाबाई एकनाथ मढवी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 10.3.2025 सी.नं. 1026/2024 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 15 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती जुलेखा ईसराईल शेख व
श्रीमती सितारा ईरशाद शेख

### आम सूचना

मैं श्री केवल सुरजीत सिंग सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप/रुम, शॉप नं. 2+1 रुम किचन, 1ला माला+ओपन टेरेस, बैरक नं. 115, रुम नं. 1 के पास, एमआयडीसी रोड, तानाजी नगर, बिर्ला मंदिर रोड, केवल किराणा स्टोअर्स, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 04एओ014218100) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुरजीत उधम सिंग के नाम पर है। उनसे गिफ्ट डीड दि. 21.6.2022 सी.नं. 303/2022 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री केवल सुरजीत सिंग


# तिलक स्मृति शिल्प का लोकार्पण

- तिलक चौक भिवंडी के लिए गौरव-विधायक




**भिवंडी.** राष्ट्र नायक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 10 मार्च 1918 को भिवंडी शहर का दौरा किया था. ऐतिहासिक घटना का अवसर लेते हुए तिलक चौक में तिलक के आकर्षक स्मृति शिल्प का लोकार्पण भाजपा विधायक महेश चौघुले द्वारा किया गया.उक्त मौके पर भाजपा शहराध्यक्ष एड हर्षल पाटील, शिक्षण मंडल पूर्व सभापति प्रदीप राका, भाजपा शहर महासचिव राजू गाजेंगी, शिवसेना वरिष्ठ नेता मोहन वल्लाल, मनोज गगे,पूर्व प्राचार्य रामदास पाटिल, नीलेश आलसी सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि,राष्ट्र के जननायक लोकमान्य तिलक स्मृति शिल्प अनावरण अवसर पर विधायक महेश चौघुले ने कहा कि, तिलक चौक एक ऐतिहासिक स्थल सहित भिवंडी शहर का सांस्कृतिक गौरव केंद्र है.राष्ट्र पुरुष तिलक जी की भिवंडी यात्रा शहरवासियों के लिए गौरव का विषय है.उन्होंने लोकमान्य की सुंदर प्रतिमूर्ति निर्माण के लिए शिल्पकार जीतू चौधरी का सम्मान भी किया.एड हर्षल पाटील ने स्मृति शिल्प के संरक्षण के लिए आवश्यक सभी कार्य करने का भरोसा दिया.

# प्रेमी संग नई जिंदगी बसाने के लिए रची साजिश

- 3 माह के बच्चे के अपहरण मामले में बड़ी सफलता
- सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग



**विरार.** विरार स्थित मांडवी पुलिस को 3 माह के बच्चे के अपहरण मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने बिहार के नालंदा जिले से एक महिला को गिरफ्तार कर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया. आरोपी महिला को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. मांडवी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय हजारे ने बताया कि 18 फरवरी (2025) को तीन महीने के बच्चे के अपहरण की शिकायत दर्ज की गई थी.

पीड़ित पिता नबीउल्लाह हमीदुल्लाह चौधरी (38) ने बताया कि 18 फरवरी को उसकी रिश्तेदार, जो उसके साले की पत्नी थी, उनके बेटे को बाहर खेलने के लिए ले गई थी. लेकिन वह बच्चे को लेकर वापस नहीं लौटी. शिकायत मिलने पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला की तलाश शुरू की.

पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें महिला को बच्चे को ले जाते हुए देखा गया. पुलिस को जांच में पता चला कि महिला बिहार के नालंदा जिले में छिपी हुई थी. इसके बाद एक विशेष टीम को नालंदा भेजा गया, जहां पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया और बच्चे को बरामद कर लिया.

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महिला शादीशुदा थी और उसके पहले से तीन बच्चे थे. लेकिन वह नालंदा जिले के सरमेरा निवासी 18 वर्षीय युवक से प्रेम संबंध में थी. महिला 36 साल की थी, और उम्र के बड़े अंतर के कारण वह अपने प्रेमी के साथ नई जिंदगी शुरू करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार थी. उसने अपने प्रेमी को यह विश्वास दिला दिया कि अपहत बच्चा उसी का है. इसके बाद वह प्रेमी के साथ बिहार में रहने लगी. जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो उसने दावा किया कि वह बच्चे की असली मां है. पुलिस ने महिला को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. वहीं, बच्चे को सुरक्षित उसके माता-पिता को सौंप दिया गया. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

# वॉर-2 की शूटिंग के दौरान ऋतिक घायल

- पैर में चोट लगी, डॉक्टर ने 4 हफ्ते का आराम बताया
- घटना को लेकर अलग-अलग दावे



ऋतिक रोशन वॉर- 2 की शूटिंग के दौरान सोमवार को घायल हो गए हैं। गाने की शूटिंग के वक्त एक्टर के पैर में चोट लगी है। जिसके कारण शूटिंग को पोस्टपोन कर दिया गया है।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर को पैर में गहरी चोट लगी है। फिलहाल डॉक्टर्स ने ऋतिक को चार हफ्ते तक आराम करने की सलाह दी है। कहा जा रहा है कि यह हाई एनर्जी गाना है। इस गाने की शूटिंग ऋतिक, साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर के साथ कर रहे थे। वहीं, इस गाने को अब मई में शूट किया जाएगा।

### 'एक्टर को घर पर ही लगी है चोट'

ऐसी जानकारी मिली है कि एक्टर अपने घर पर ही डांस का रिहर्सल कर रहे थे। तभी उनके घुटनों में चोट लगी है। ऋतिक के करीबी का कहना है कि उनको घर पर ही डॉक्टर ने चेक किया है और पंद्रह दिन तक आराम करने के लिए कहा है।

### 14 अगस्त के मौके पर रिलीज हो सकती है फिल्म

रिपोर्ट्स की मानें तो बाकी कलाकारों ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन के लिए रेडी है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म वर्ल्डवाइड 14 अगस्त, 2025 को रिलीज होगी।

### वॉर- 2 को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं

फिल्म वॉर- 2 को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। यह आदित्य चोपड़ा की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का अगला सीक्वेंस है। फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन फिल्म वॉर के अपने किरदार मेजर कबीर धालीवाल का रोल प्ले करेंगे। ये फिल्म साल 2019 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वॉर 2' का सीक्वेल है।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099